तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 8 मई 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 पाकिस्तान में आतंक के खिलाफ कार्रवाई के बाद मना जश्न, सभी ने किया कार्रवाई का स्वागत



## खबर संक्षेप

### सीएम विष्णुदेव साय आज सूरजपुर में, सुशासन तिहार में होंगे शामिल



**अंबिकापुर।** सुशासन तिहार के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को सूरजपुर जिले में होंगे। सीएम श्री साय सुशासन तिहार के तहत लगाए जा रहे शिविर में शामिल होने के साथ ही विभागीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। बता दें कि प्रदेश भर में सुशासन तिहार के तहत लगाए जा रहे समाधान शिविरों में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वस्तुस्थिति का जायजा लेने पहुंच रहे है। इस दौरान मौके पर ही वे तत्काल समस्याओं का निराकरण भी कर रहे है। 8 मई को सुशासन तिहार के तहत सूरजपुर जिले के श्रीनगर अंतर्गत पटना में दौरा प्रस्तावित है। सीएम पटना में आयोजित शिविर में शामिल होने के साथ ही सूरजपुर जिला पंचायत में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। सीएम सूरजपुर जिले में ही रात्रि विश्राम करेंगे और इसके बाद वे अगले पड़ाव के लिए रवाना होंगे।

### फर्जी लेन-देन के मामले में दर्ज हो एफआईआर, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कैलाश मिश्रा ने एसपी को ज्ञापन सौंप जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शंकरगढ़ और कुसमी शाखा में हुए करोड़ों की वित्तीय अनियमितता करने के मामले में आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने उल्लेख किया है कि बैंक की शंकरगढ़ और कुसमी शाखा में वर्ष 2013 से 2022 तक संदिग्ध लेन-देन किया गया है। कलेक्टर द्वारा मामले की जांच कराने पर फर्जी खाते खोलकर रकम स्वीकृत करने एवं ऋण राशि को निजी फर्मो को 23 करोड़ रुपए ट्रांसफर करने का खुलासा हुआ है। कोऑपरेटिव बैंक के सीईओ ने मामले की एफआईआर दर्ज कराने के लिए बलरामपुर के शाखा प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव को अधिकृत किया है लेकिन कुसमी थाना में प्रकरण दर्ज नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मामले की एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

### गड़ासा लेकर गांव में घूम रहा आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** गड़ासा लेकर गांव में दहशत फैलाने वाले आरोपी युवक को त्रिकुंडा के डिंडो चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डिंडो चौकी पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मरमा मुख्य मार्ग पर गांव का सन्देश यादव लोहे का तलवार नुमा हथियार गड़ासा लेकर घूल रहा और लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए डिंडो चौकी अंतर्गत ग्राम मरमा निवासी 34 वर्षीय संदश यादव आ. कुलवंश यादव को हिरासत में लेकर उसके पास से गड़ासा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धरा 25, 27 के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी डिंडो गजपति मिर्रे, सउनि हेमेंद्र कुशवाहा, प्रधान आरक्षक संतोष कुमार सिंह, आरक्षक संजय बड़ा, भीम व चौकी डिंडो के पुलिसकर्मी सक्रिय रहे।

## 10वीं बोर्ड में भूमिका राजवाड़े ने 9वां और दिव्या चौहान और खुशबू बारिक ने हासिल किया 10वां स्थान

# सरगुजा में किसान की बेटियों ने रौशन किया जिले का नाम, टॉप टेन में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की घोषणा की है। बोर्ड परीक्षाओं में इस बार बेटियों ने बाजी मारने के साथ ही टॉप टेन में जगह बनाकर सरगुजा का नाम रौशन किया है। बड़ी बात यह है कि सरगुजा सुपर 30 टीम से टॉप टेन में सरगुजा की भूमिका राजवाड़े ने 9वां और प्रयास की दिव्या चौहान एवं खुशबू बारीक ने 10वां स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही 10वीं बोर्ड में जिले का कुल परीक्षा परिणाम 87.58 प्रतिशत रहा। हालांकी 12वीं बोर्ड परीक्षा में सरगुजा से कोई भी विद्यार्थी टॉप टेन में जगह नहीं बना पाया है लेकिन जिले में 85.95 प्रतिशत बच्चों ने सफलता हासिल की है। बोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल करने वाली भूमिका राजवाड़े आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहती है जबकि दिव्या चौहान और खुशबू बारीक का सपना डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना है। परीक्षा परिणाम की घोषणा के बाद स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बच्चियों को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी और उत्साह वर्धन किया।

**खास बात**

- दसवीं बोर्ड में 87 .58 प्रतिशत बच्चों ने हासिल की सफलता, टॉप टेन में प्रयास की दो छात्राएं

बता दें कि बुधवार को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं और 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई है। इस बार सरगुजा जिले से 10वी बोर्ड से छात्राओं ने कमाल किया और टॉप टेन में अपना स्थान हासिल कर जिले का नाम रौशन किया है। जिले से लखनपुर अंतर्गत ग्राम लटोरी निवासी व शासकीय उमावि लटोरी की छात्रा भूमिका राजवाड़े ने 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप टेन में 9वां स्थान हासिल किया है। भूमिका ने बोर्ड परीक्षा में 587 अंक हासिल किया है। इसके साथ ही प्रयास आवासीय विद्यालय में पढने वाली दरिमा की ग्राम पर्री निवासी दिव्या चौहान व लुंड्रा के नवडीहा निवासी खुशबू बारीक ने 97.67 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप टेन में 10वां स्थान हासिल किया है। दोनों छात्राओं ने 10वीं बोर्ड में कुल 586 अंक हासिल किया है। वहीं सरगुजा जिले की बात की जाए तो 10वीं बोर्ड में इस आर कुल 9432 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे जिसमें से कुल 9258 ने परीक्षा दी। परीक्षा में कुल 8051 बच्चों ने सफलता हासिल की है। जिसमें से 4366 ने प्रथम स्थान, 3452 ने द्वितीय 233 ने तृतीय स्थान हासिल कर परीक्षा पास की है। वहीं 331 विद्यार्थी पूरक आए है जबकि 810 बच्चे फेल हो गए है। 10वीं बोर्ड में जिले का कुल प्रतिशत 87.58 प्रतिशत रहा जिसमें 89.38 प्रतिशत बालिकाओं और 85.35 बालकों ने सफलता हासिल की है। 10वीं बोर्ड में सर्वाधिक बेहतर प्रदर्शन बेटियों ने किया है।



छात्रा का मुंह मीठा कराते डीईओ व अन्य ।

### इंजीनियर बनना चाहती है भूमिका

10वीं बोर्ड परीक्षा में इस बार भूमिका राजवाड़े ने टॉप टेन में 9वां स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। बड़ी बात यह है कि भूमिका जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सरगुजा सुपर 30 के अंतर्गत अपनी पढ़ाई कर रही थी। भूमिका के पिता पारसनाथ राजवाड़े पेशे से किसान है और मां खेमवती राजवाड़े गृहणी है। भूमिका ने बताया कि वे प्रतिदिन दस घंटे तक पढ़ाई कर रही थी और जीवन में कुछ हासिल करने का लक्ष्य लेकर कड़ी मेहनत की। अब भूमिका इंजीनियर बनना चाहती है। परिणाम की घोषणा के बाद भूमिका अपने माता पिता और परिवार के सदस्यों के साथ मल्टीपरपज स्कूल परिसर में संचालित सुपर 30 कोचिंग सेंटर पहुंची जहां डीईओ अशोक सिन्हा के साथ ही अन्य अधिकारियों और शिक्षकों ने बच्ची का स्वागत करने के साथ ही मुंह मीठा कराया। बचपन से ही होनहार भूमिका ने अपने दम पर सुपर 30 में प्रवेश लिया और अब उन्होंने महज 4 से 5 महीने की कोचिंग के बाद प्रदेश में अपना स्थान हासिल किया है। ऐसे में बच्ची के परिजन भी उसके सपने को साकार करने के लिए हर संभव सहयोग देने की बात कह रहे है।

### डॉक्टर बनना चाहती है दिव्या और खुशबू

टॉप टेन में सरगुजा जिले से प्रयास आवासीय विद्यालय की दो बच्चियों ने भी बाजी मारी है और टॉप टेन में अपनी जगह बनाई है। 10वीं बोर्ड परीक्षा में दरिमा अंतर्गत ग्राम पर्री निवासी दिव्या चौहान और लुंड्रा नवडीहा निवासी खुशबू बारीक ने 10वां स्थान हासिल किया है। दोनों





बच्चियां सरगुजा के प्रयास आवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ाई कर रही थी। दिव्या चौहान के पिटा हरेश्वर लाल चौहान पेशे से किसान है और मां उर्मिला चौहान सामान्य गृहणी है। इसी तरह खुशबू बारिक के पिता सुरेन्द्र बारिक पेशे से किसान है और मां प्रभा बारिक गृहणी है। दोनों बच्चियां आगे चलकर डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहती है। बच्चियों ने बताया कि वे बिना किसी दबाव के अपनी पढ़ाई कर रही थी और इस दौरान उन्हें प्रयास आवासीय विद्यालय में भी शिक्षकों का भरपूर सहयोग मिला।

### सुपर 30 के सभी बच्चे हुए पास

स्कूल शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों को बेहतर बनाने के साथ ही बच्चों को आने वाले समय में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से सरगुजा सुपर 30 की शुरुआत की गई थी। डीईओ अशोक सिन्हा ने बताया कि सुपर 30 के तहत प्रवेश परीक्षा ली गई और 10वीं एवं 12वीं बोर्ड के लिए 30-30 छात्र छात्राओं का चयन किया गया। इन बच्चों को होस्टल सुविधा प्रदान करने के साथ ही विषय विशेषज्ञों द्वारा परीक्षा की तैयारी कराई गई। सितम्बर महीने में बच्चों की पढ़ाई शुरू हुई और दिसंबर महीने तक उन्हें विशेष कोचिंग दी गई और इन चार महीनों के प्रयास से ही एक बच्ची ने 10वीं बोर्ड में टॉप टेन में जगह बनाई है। इसके साथ ही सुपर 30 के सभी बच्चे बेहतर अंकों से पास हुए है। इनमें सुपर 30 से कक्षा 10वीं में 13 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए जबकि 12वीं बोर्ड एन 4 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया है। उन्होंने बताया कि अब आने वाले दिनों में कक्षा 9वीं से ही सुपर 30 कक्षाएं शुरू करने की योजना है ताकि क्षेत्र के होनहार बच्चों को पढाई के लिए बेहतर मौका उपलब्ध कराया जाए और वे जिले का नाम रौशन करने के साथ ही अपना भविष्य संवार सके।

### 12वीं बोर्ड में 85.94 प्रतिशत ने हासिल की सफलता

इस बार 12वीं बोर्ड में सरगुजा जिले से किसी भी छात्र ने टॉप टेन में जगह बनाने में सफलता हासिल नहीं की। इस लिहाज से 12वीं बोर्ड को लेकर परिणाम निराशाजनक माना जाएगा लेकिन परीक्षा में जिला कुल प्रतिशत 85.94 फीसदी रहा। इस बार 12वीं बोर्ड में कुल 8045 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिनमे से 7965 ने परीक्षा में हिस्सा लिया। इनमें से 23 विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम रोके गए है जबकि कुल 6826 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में सफलता हासिल की है। परीक्षा में जिले से 12वीं बोर्ड में 3565 विद्यार्थियों ने प्रथम, 3131 विद्यार्थियों ने द्वितीय व 130 विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान हासिल किया है। 12वीं बोर्ड में 597 बच्चे पूरक आए है जबकि 519 बच्चे फेल हो गए है। इस तरह 12वीं बोर्ड में जिले का परीक्षा परिणाम 85. 94 प्रतिशत रहा जिसमें 88.78 प्रतिशत बालिकाओं और 82.17 प्रतिशत बालकों ने सफलता हासिल की है।

### जिले के टॉप टेन में इन्होने बनाई जगह

बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होने के साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तर पर भी 10वीं, 12वीं बोर्ड के टॉप टेन की सूची जारी की गई है। इसमें कक्षा 10वीं में 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ भूमिका राजवाड़े ने प्रथम, 97.67 प्रतिशत अंकों के साथ दिव्या चौहान व खुशबू बारिक ने द्वितीय स्थान, 97.33 प्रतिशत अंकों के साथ प्रयास की सामली व अदिति राजवाड़े ने तृतीय, 97.17 प्रतिशत अंकों के साथ शिवराज सिंह ने चौथा, 97 प्रतिशत अंकों के सैट परि सोनी ने पांचवा स्थान हासिल किया है। इसी तरह 12वीं बोर्ड की बात की जाए तो 94.80 प्रतिशत अंकों के साथ वंशिका गुप्ता ने प्रथम, 94 प्रतिशत अंकों के साथ लक्ष्मी यादव ने द्वितीय, 92.20 प्रतिशत अंकों के साथ वसीमा नुसरत ने तृतीय, 92 प्रतिशत अंकों के साथ प्राची गुप्ता ने चौथा व 91.80 प्रतिशत अंकों के साथ नीलाक्षी राजवाड़े ने पांचवा स्थान हासिल किया है। इसके अलावा अन्य बच्चों ने भी जिले में बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल और अभिभावकों का नाम रौशन किया है।

### सूरजपुर और बलरामपुर जिले के परिणाम

इस बार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं में सूरजपुर और बलरामपुर जिले से टॉप टेन में कोई भी विद्यार्थी शामिल नहीं हो पाया है। सूरजपुर जिले के परीक्षा परिणामों की बात की जाए तो 10वीं बोर्ड में कुल 74.72 प्रतिशत और 12वीं बोर्ड में 72.37 प्रतिशत बच्चों ने सफलता पाई है। इसी तरह बलरामपुर जिले में 10वीं बोर्ड में 81.10 व 12वीं बोर्ड में 82.82 प्रतिशत बच्चों ने सफलता पाई है।

# बांस बाड़ी के चौकीदार ने की थी बालिका की हत्या, पुलिस को करता रहा गुमराह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना क्षेत्र स्थित बांस बाड़ी में बालिका की अर्धनग्न अवस्था में लाश मिलने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। बालिका की हत्या बांस बाड़ी के चौकीदार ने ही की थी लेकिन वह पुलिस को लगातार गुमराह करता रहा। जब पुलिस ने ग्रामीण के टांगी और टी-शर्ट को जब्त कर उसकी जांच कराई गई तो मृतिका के डीएनए से पूरा राज खुल गया। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बच्ची से छेड़छाड़ की थी लेकिन जब बच्ची ने गांव के लोगों से शिकायत की बात कही तो आरोपी ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

- टांगी में लगे खून और मृतिका के डीएनए से खुला राज, छेड़छाड़ का विरोध करने पर मारा

बता दें कि 26 अप्रैल को सूरजपुर जिले के रामानुजनगर अंतर्गत सेंदरी जंगल स्थित बांस बाड़ी में एक बालिका की संदिग्ध अवस्था में लाश मिली थी। कक्षा 8वीं की छात्रा की लाश नग्न अवस्था में थी जबकि उसके शरीर पर धारदार हथियार से वार के निशान थे। ऐसे में मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर द्वारा तत्काल मौके अपर एफएसएल, डॉग स्क्वायड को भेजा गया था। एसएसपी व डीआइजी श्री ठाकुर द्वारा मामले में एएसपी संतोष महतो व एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी के मार्गदर्शन में पुलिस व साइबर सेल का गठन किया गया था। इस दौरान परिजन व आस पास के लोगों से पूछताछ के बाद बांसबाड़ी के चौकीदार शिवाराम पर पुलिस को संदेह हुआ था। पुलिस ने जब शिवा राम को तलब पर उससे पूछताछ की गई तो उसने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया ऐसे में संदेह के आदर पर पुलिस द्वारा चौकदार के कपड़े और उसके टांगी को जब्त कर एफएसएल रायपुर भेजा गया और मृतिका के डीएनए



से मिलान कराई गई तो संदेही चौकीदार के टांगी और मृतिका के रक्त का समूह एक ही डीएनए का पाया गया। ऐसे में पुलिस ने पुलिस ने चौकीदार शिवाराम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103 व 238 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रामानुजनगर राजेन्द्र साहू, साइबर सेल प्रभारी राकेश यादव, एएसआई मनोज पोर्ते, प्रधान आरक्षक निमेश शर्मा, आरक्षक दीपक यादव, रौशन सिंह, युवराज यादव, विनोद सारथी, रूप देव सिंह, सैनिक देव चंद पाण्डेय, रजनीश पटेल व सम्मत सिंह सक्रिय रहे।

### इस लिए की हत्या

आरोपी चौकीदार 60 वर्षीय शिवाराम ने बताया कि 25 अप्रैल को वह बांस बाड़ी में चौकीदारी करने गया था। इसी दौरान एक बालिका को उसने साइकिल से जाते हुए देखा तो उसकी नीयत खराब हो गई। आरोपी ने उसे गलत नियम से रोककर पकड़ा तो बच्ची ने इसका विरोध किया और गांव के लोगों को घटना की जानकारी देने की धमकी दी। इस धमकी के बाद डरकर आरोपी ने अपने पास रखे टांगी से वार कर बच्ची की हत्या कर दी और लाश को गड्ढे में छिपाकर बालिका के साइकिल और टिफिन को फेंकने के निकल गया। इस दौरान उसे संदेह हुआ कि गड्ढे में लाश मिलने पर वह फंस सकता है इसलिए उसने लाश को गड्ढे से निकालकर कुछ दूरी पर फेंक दिया और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए उसे निर्वस्त्र आकर दिया। इसके बाद आरोपी ने मृतिका की साइकिल को साल्ही बांध में फेंक दिया और वहीं अपने कपड़े साफ करने के बाद नहाकर घर लौट आया।

# म्यूल अकाउंट खुलवाकर देता था ऑनलाइन सट्टेबाजों को, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** ऑनलाइन सट्टा के कारोबार में रुपयों की लेनदेन करने के लिए लोगों को झांसे में लेकर उनके म्युल अकाउंट खुलवाने के मामले में सरगुजा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने धोखा देकर लोगों के दस्तावेज लेकर बैंकों में खाता खुलवाने और उन्हें सटोरियों को उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि कोतवाली 13 मई को आईपीएल मैच में सट्टा खिलाने के मामले में छापामार कार्रवाई कर सत्तीपारा निवासी 30 वर्षीय आयुष उर्फ दीप सिन्हा, 30 वर्षीय अमित मिश्रा उर्फ पहलु और 28 वर्षीय शुभम केसरी को हिरासत में लिया था। इस दौरान आरोपियों द्वारा गुजरात टाइटन्स व कोलकाता किंग राइडर्स के बीच चल रहे मैच में सट्टा खेलने और खेलाने की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त 19 मोबाइल नग, 3 नग पासबुक, 2 नग चेकबुक, 21 नग एटीएम कार्ड, 20 हजार 100 रूपए नगद व अन्य दस्तावेज बरामद किया गया था। फिलहाल गिरफ्तार आरोपी जमानत पर बाहर है। इस बीच पुलिस ने सट्टा कारोबार में लेनदेन के लिए उपयोग किए गए बैंक खातों की जांच की। इस दौरान केनरा बैंक के खाताधारक दर्रीपारा आभाष पासवान आ. कृष्णा पासवान से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसने कोई भी खाता बैंक में नहीं खुलवाया है लेकिन उसने वर्ष 2023 में अपना आधार कार्ड ऋतिक मंदिलवार को दिया था। जब पुलिस ने बैंक से खाता खोलने के लिए भरे गए दस्तावेजों की जांच की गई तो इस बात की पुष्टि हुई कि फार्म पर आभाष पासवान का फर्जी हस्ताक्षर किया गया है। ऐसे में पुलिस ने सत्तीपारा निवासी 24 वर्षीय रितिक मंदिलवार उर्फ बमफोड़ आ. विमल मंदिलवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपी अमित मिश्र उर्फ पहलु के कहने पर आभास पासवान एक आधार कार्ड और अपने मोबाइल फोन में मौजूद फोटो के माध्यम से उसने बैंक खाता खुलवाया और एटीएम हासिल किया। इसी तरह उसने 14 से 15 अलग अलग लोगों के बैंक खाते खुलवाए। इसके बदले आरोपी को कमीशन मिलता था। फर्जी तरीके से खोले गए खातों का उपयोग सट्टा कारोबार की रकम के लेनदेन के लिए होता था। मामले में पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 467, 468, 471, 120 बी के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, आरक्षक शिव राजवाड़े, मंटुलाल गुप्ता, आनंद गुप्ता सक्रिय रहे।





7 Ambikapur-pg 2-0_Layout 1 5/7/2025 10:35 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### सुशासन तिहार बना जनसेवा का सशक्त मंच, लोगों को मिल रही राहत

**प्रतापपुर।** सुशासन तिहार अब केवल एक प्रशासनिक आयोजन नहीं रह गया है, बल्कि यह राज्य के ग्रामीण अंचलों में जनभागीदारी, पारदर्शिता और त्वरित समाधान का प्रतीक बनकर उभरा है। चंदौरा में आयोजित समाधान शिविर में जहां 1799 में से 1741 आवेदन का त्वरित समाधान किया गया और 18 शिकायतों में से 17 का निपटारा कर लोगों को न्याय और राहत दोनों प्रदान की गई। मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन की योजनाएं अब सिर्फ कागज़ों में नहीं, बल्कि ज़मीन पर दिख रही हैं। राशन, पेंशन, आवास, पट्टा जैसे लाभ लोगों तक समय पर पहुंच रहे हैं। समाधान शिविरों ने यह साबित किया है कि अब विकास सिर्फ एक सपना नहीं साकार होती हकीकत है। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुखमनिया आयम ने कहा शासन की योजनाएं अब चौपालों की चर्चा बन गई हैं। गांवों में यह बात आम हो गई है कि किसे मकान मिला, किसे पेंशन शुरू हुई। महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और यह बदलाव गांवों की सामाजिक नींव को मजबूत कर रहा है। जिला पंचायत सदस्य लवकेश पैकरा ने कहा आज प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और त्वरितता आई है। जाति प्रमाण पत्र, नामांतरण, भूमि विवाद जैसे मामले अब कोर्ट-कचहरी नहीं, तहसील शिविरों में ही हल हो रहे हैं। कार्यक्रम को अक्षय तिवारी, संजय मरावी ने भी संबोधित किया। शिविर में 8 हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका वितरित कर भूमि विवादों का समाधान, 13 राशन कार्ड वितरित कर खाद्य सुरक्षा से जोड़ा गया, जाति प्रमाण पत्र संशोधन कर तत्काल बी-1 दस्तावेज प्रदान किया गया।

### साई कॉलेज के विद्यार्थियों ने सीखी फोरेंसिक जांच



**अम्बिकापुर।** साईं कॉलेज के एंथ्रोपोलॉजी स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों न क्षेत्रीय न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला का शैक्षणिक भ्रमण किया। प्रयोगशाला के संयुक्त संचालक आरके पैकरा ने का कि अपराध और अपराधी के भौतिक, रासायनिक, जैविक तत्त्व तथा तथ्यों का अन्वेषण करना ही फोरेंसिक विज्ञान का काम है। फोरेंसिक जांच से अपराध के सही साक्ष्य सामने आते हैं। फोरेंसिक जांच में जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान और भौतिक विज्ञान तीनों शामिल है। प्रयोगशाला में टॉक्सिकोलॉजी के तहत जहर, विषाक्त पदार्थों के उपयोग की जांच होती है। जांच में मृत व्यक्ति की परिस्थितियों के बारे में खुलासा होता है। डायटम जांच में शरीर की सबसे बड़ी अस्थि को लेते हैं। इससे ज्ञात होता है कि डूबने से व्यक्ति की मौत हुई है अथवा मरने के बाद डुबाया गया है। नारकोटिक्स जांच में मादक पदार्थों की जांच होती है, जिसमें ब्राउन शुगर, भांग और ड्रग्स आदि शामिल हैं। ऐस टेस्ट से बर्न डेथ केस की जांच होती है। बैलिस्टिक टेस्ट में गोली लगने से हुई मौत की जांच की जाती है। इसमें मृतक की चोट, क्षति, गोली लगने के कोण और प्रयुक्त हथियार की जांच होती है। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला में डीएनए टेस्टिंग की सुविधा शुरू होने वाली है और मशीनों का इंस्टालेशन प्रारम्भ हो गया है। प्रयोगशाला के वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. बृजेश नागवंशी ने विद्यार्थियों के समक्ष नारकोटिक्स, डायटम, ऐस टेस्ट, बैलिस्टिक टेस्ट करके दिखाया। प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने फोरेंसिक लैब और उनकी गतिविधियों के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान एंथ्रोपोलॉजी के सहायक प्राध्यापक डॉ. श्रीराम बघेल के साथ ज्योति सिंह, डॉ. अजय कुमार तिवारी उपस्थित थे।

### अत्याधिक शराब पीने से युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** पिछले चार पांच दिनों से लगातार शराब पी रहे युवक की घर के समीप मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जोगीबांध निवासी छोटू राम आ. अमीर साय (25 वर्ष) पिछले चार पांच दिनों से अत्यधिक शराब पी रहा था। गत दिन घर से निकला था जिसके बाद वापस नहीं लौटा। इस बीच युवक घर से कुछ दूर नशे के हालत में पड़ा हुआ था। इधर परिजन ने खोजबीन की तो युवक मृत हालत में मिला। घटना की सूचना परिजन ने मणिपुर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## निधन

### परमेश्वर कुशवाहा



**करवां।** ग्राम पंचायत करवां निवासी परमेश्वर कुशवाहा आ. सरजू कुशवाहा का 48 वर्ष की आयु में रायपुर के निजी अस्पताल में निधन हो गया है। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे जिनका रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। स्थानीय मुक्तिधाम में पार्थिव शरीर का अन्तिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र गौरव कुशवाहा ने दिया। वे अपने पीछे एक पुत्र एवं दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### कांग्रेस ने घड़ी चौक पर की आतिशबाजी, लगे हिन्दुस्तान जिन्दाबाद के नारे

# पाकिस्तान में आतंक के खिलाफ कार्रवाई के बाद मना जश्न, सभी ने किया कार्रवाई का स्वागत



घडी चौक पर पटाखा फोड जश्न मनाते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई सैन्य कार्रवाई को लेकर पूरे देश में जश्न का माहौल है। इस बीच सरगुजा में भी जगह जगह खुशियां मनाई गई और कार्रवाई का स्वागत किया गया। इस बीच जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भी शहर के घड़ी चौक पर आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। कार्रवाई को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 9 स्थानों पर हमला कर आतंकवादियों को नुकसान पहुंचाया है। इस लिए सेना के सम्मान और भारत माता के सम्मान में आतिशबाजी की गई और इस कार्रवाई का स्वागत किया गया लेकिन आज के समय में जब पूरा देश और विपक्ष सरकार के साथ है। दुनियाभर के देश भी आतंकवाद के खिलाफ है तो अब जरूरी है कि भारत पीओके पर हमला कर वहां भारत का झंडा फहराए तभी जाकर इस तरह की आतंकी घटनाएं रुकेंगी। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष आशीष जायसवाल ने कहा कि यह पूरे भारतीयों की जीत है। पाकिस्तान ने कायरतापूर्ण हमला किया था और अब भारत की सेना ने इसका माकूल जवाब दिया है। हमले में पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों को निस्तो नाबूद कर दिया गया है। ये उन परिवारों को श्रद्धांजलि है जिन्होंने घटना में अपना बेटा और पति खोया था।

### पूरा देश जाबांज सैनिकों के साथ खड़ा है : सिंहदेव



पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि इस समय देश में समय और परिस्थिति ऐसी है कि हर संभव जवाब भारत को देना है। सभी राजनैतिक दल और पूरे भारत के लोग एक साथ खड़े होकर यह चाहते है कि पाकिस्तान को माकूल जवाब दिया जाए। पीओके और पाकिस्तान के अन्य क्षेत्रों में चिन्हांकित करके निस्तोनाबूद करने के लिए वायुसेना ने हमला किया है। सीमाओं खासकर जम्मू कश्मीर की सीमा पर भारी गोलाबारी चालू होने की सूचना है। पूरा देश हमारे जांबाज सैनिकों के साथ खड़ा है, जवाब देना आवश्यक है। एक ही संदेश है कि हर हिंदुस्तानी एक है, एक साथ खड़ा है और चाहता है कि मजबूत से मजबूत जवाब दिया जाए। हमारी व्यक्तिगत कहीं आवश्यकता पड़े सरगुजा से लेकर देश के किसी कोने में तो मैं भी अपनी सेवाएं हर परिस्थिति में उपलब्ध कराने को तैयार है।

### ऑपरेशन सिंदूर की गूंज से कांपा पाकिस्तान : राजवाड़े



पाकिस्तान की सरजमीं पर मौजूद नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के भारत के कड़े जवाब के बाद पूरे देश में जश्न और गर्व का माहौल है। इस अभूतपूर्व कार्रवाई को लेकर छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अब नए युग का भारत है। यह वो भारत है जो चुप नहीं बैठता, बल्कि आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देना जानता है। श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर थल सेना, जल सेना और वायु सेना के जवानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहलगाम में मासूमों की दर्दनाक मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया था। आज भारत ने उस दर्द का बदला ले लिया है। देश की सेनाओं का यह संयुक्त अभियान आतंक के खिलाफ निर्णायक कदम है। देश की जनता को अब भरोसा है कि भारत हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है। ऑपरेशन सिंदूर इसकी मिसाल है। बहरहाल प्रदेश सहित जिले भर में इस सर्जिकल स्ट्राइक की सराहना हो रही है। लोग सोशल मीडिया और जनसभाओं में भारत की इस कार्रवाई की प्रशंसा कर रहे हैं। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने दिखा दिया है कि अब शब्द नहीं, सिर्फ़ कार्रवाई होती है।

### सेना के शौर्य को सलामः अमरजीत



पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के निवास पर भी पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर किए गए हेल और जवाबी कार्रवाई का जश्न मनाया गया। इस दौरान सभी ने भारत की कार्रवाई का समर्थन और स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री भगत ने कहा कि सेना के शौर्य के दम पर भारत सुरक्षित है, सरकार किसी की भी हो, सरकार नीतिगत निर्णय ले सकती है लेकिन एक्शन तो सेना ही ले सकती है। सेना को सैल्यूट और पूरा समर्थन है, भारत की सुरक्षा में खलल डालने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया गया। उन्होंने कहा कि भारत किसी से कम नहीं है और जो भारत की अस्मिता और सुरक्षा में खलल डालने का काम करेगा उसका यही अंजाम होगा। जिस दिन कश्मीर में हमला हुआ था उसी दिन हमारे नेता राहुल गांधी ने खुलेतौर पर कहा था कि हम भारत सरकार के साथ है और भारत सरकार इस मामले में कदम उठाए, पाकिस्तान को इसका मुंहतोड़ जवाब दें। जहां देश की बात आती है तो राजनीति से ऊपर उठकर सभी एक साथ खड़े है। जिस प्रकार इंदिरा जी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश बना दिया था उसी तरह अब पाकिस्तान को निस्तोनाबूद कर भारत का अंग बना ले और बलूचिस्तान जैसे क्षेत्र को भारत में शामिल करें।

### हर कदम सेना के साथ : रशीद



पाकिस्तान पर किए गए हमले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अल्प संख्यक विभाग के अध्यक्ष रशीद अंसारी ने कहा कि भारत का अल्प संख्यक खास कर मुस्लिम भारतीय सेना के हर क़दम के साथ है। पाकिस्तान की नापाक हरकत के खिलाफ ये होना ही था। ऑपरेशन सिंदूर हमारी बहनों के सिंदूर का बदला है

## भाजपा युवा मोर्चा ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मनाया विजय उत्सव

भाजपा युवा मोर्चा द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में आज स्थानीय घड़ी चौक पर पटाखे फोड़कर हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर भारत माता की जय और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारों के साथ पूरे क्षेत्र का वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अनीश सिंह ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि भारतीय सेना की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्रीय नेतृत्व ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए सदैव तैयार है। ऑपरेशन सिंदूर इस देश के लिए गर्व का विषय है। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केसरी, मधुसूदन शुक्ला, विकास पांडे, संतोष दास, रूपेश दुबे, निश्चल प्रताप सिंह, गोल्डी बिहाड़े, अंकित जायसवाल, संजू वर्मा, शरद सिन्हा, सोलू सिंह, देवराज सिंह, विकास शुक्ला, अजय सिंह, रविकांत उरांव, श्रीमती प्रिया सिंह, सौरव मिश्रा, मनीष सिंह, दीपक यादव, अनुराग शुक्ला, मोंटी यादव, मोंटी सिंह, अनिरुद्ध मिश्रा, मनीष दुबे, रोहित कुशवाहा, श्रीमती रजनी सिंह, अंकित सिंह, मंटू शुक्ला, दीपू पांडे सहित बड़ी संख्या में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### अंजुमन कमेटी ने भी किया स्वागतः इरफान



पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई का अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन वक्फ ने भी स्वागत किया है। सरगुजा अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी ने कहा कि आज हमारे पड़ोसी देश आतंकवाद को पनाह देने वाला देश पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना एवं भारत सरकार के द्वारा जो एयर स्ट्राइक किया गया वह काबिले तारीफ है। इसका अंजुमन कमेटी एवं समाज के सभी लोग दिल से स्वागत करते हैं और भारतीय सेना की हौसले की तारीफ करते हैं। हमारी सेना विश्व की सर्वश्रेष्ठ सेना है। अगर पड़ोसी देश फिर से कोई दुस्साहस करता है तो भारतीय सेना इसका पुरजोर तरीके से जवाब देगी।

## लोन निकालने के नाम पर दो महिलाओं से ठगी, मां-बेटे गिरफ्तार

**बलरामपुर।** महिलाओं से लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने मां बेटे को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गणेश मोड़ चौकी के अंतर्गत ग्राम राधाकृष्ण नगर निवासी राजकुमारी और देसनी देवी ने चौकी में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि लक्ष्मी विश्वास और उसके पुत्र अजय विश्वास ने उन्हें झांसे में लेकर बैंक से लोन दिलवाने के नाम पर आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड और पासबुक लिया था। इस दौरान आरोपियों ने राजकुमारी के नाम पर सेटिंग फाइनेंस बैंक बलरामपुर से 35 हजार रूपए, बेल स्टार फाइनेंस कम्पनी बलरामपुर से 40 हजार रूपए व इसाफ बैंक बलरामपुर से पुनः 40 हजार रूपए कुल 1 लाख 15 हजार रूपए का लोन निकाला लेकिन महिला को सिर्फ 20 हजार रूपए ही दिए जबकि शेष 89 हजार रूपए उन्होंने अपने पास रख लिया। इसके साथ ही उन्होंने देसनी के नाम पर अलग-अलग किस्तों में कुल 85 हजार रूपए का लोन निकाला लेकिन उसे सिर्फ 3 हजार रूपए ही दिया गया जबकि शेष 77 हजार रूपए रख लिया। इस तरह मां-बेटे ने मिलकर दोनों महिलाओं से 1 लाख 66 हजार रूपए की ठगी की थी। मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों राधाकृष्णनगर निवासी 48 वर्षीया लक्ष्मी विश्वास पति रंजन विश्वास और पुत्र 26 वर्षीय अजय विश्वास आ. रंजन विश्वास को भादवि की धारा 420,34 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।





## जयनगर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर एनएच विभाग ने जारी किया री-टेंडर



- बारिश के मौसम पश्चात रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य पुन: शुरू होने की उम्मीद
- नये प्रस्ताव में ओवरब्रिज निर्माण की कार्य लागत में पौने दो करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जोड़ी गई

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर ग्राम जयनगर में प्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के ठेकेदार द्वारा समयावधि में कार्य पूर्ण न कराए जाने पर एनएच विभाग द्वारा पुनः री टेंडर जारी कर दिया है। री-टेंडर की प्रक्रिया से अब उक्त कार्य के बारिश के बाद शुरू होने की संभावना जताई जा रही है।गौरतलब है कि ग्राम जयनगर स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य हेतु 26 करोड़ 79 लाख रुपए की स्वीकृति केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई थी, इसमें अगस्त 2023 में ओवरब्रिज निर्माण कार्य हेतु कार्य आदेश जारी करते हुए डेढ़ वर्ष क़े कार्यकाल में कार्य को पूर्ण करने की तिथि निर्धारित की गई थी। ओवरब्रिज निर्माण कार्य का ठेका कोरबा के मेसर्स अशोक कुमार मित्तल को प्राप्त हूआ था। बताया गया कि यहां पर ठेकेदार द्वारा कार्य को निर्धारित समयावधि में नहीं कराए जाने पर लोक निर्माण विभाग - राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र रायपुर के मुख्य अभियंता द्वारा पिछले दिनों 25 अप्रैल को री- टेंडर जारी कर दिया गया है।ऐसे में अब री टेंडर के करीब 120 दिन की पूरी प्रक्रिया पूर्ण होने उपरांत बारिश क़े मौसम के बाद जयनगर ओवर ब्रिज निर्माण कार्य पुनः शुरू होने की संभावना जताई जा रही है।बताया गया कि अब री- टेंडर में उक्त कार्य हेतु 28 करोड़ 40 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।ज्ञात हो कि कि जयनगर में ओवरब्रिज निर्माण कार्य हेतु करीब 97 लोगों का भूमि अधिग्रहण कार्य भी किया जा चुका है लेकिन अब भी भूमि प्रभावित कई लोगों को मुआवजा राशि जारी नहीं किया जा सका है। ठेकेदार द्वारा यहां पर पूर्व में आधे अधूरे निर्माण कार्य को छोड़ दिए जाने से आमजन को बेवजह खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।साथ ही कई लोगों के निर्माण कार्य की मजदूरी व मटेरियल भुगतान का लाखों रुपए लंबित पड़े हुए हैं।

## रक्तदान शिविर में एएसपी संतोष जवानों ने किया रक्तदान

**सूरजपुर।** रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय में किया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस के अधिकारी व जवानों को दूसरों की जीवन बचाने के लिए उपयोगी रक्त का दान करने के लिए प्रेरित किया। रक्तदान शिविर में रेड क्रॉस के पदाधिकारियों की मौजूदगी में एएसपी संतोष महतो ने सर्वप्रथम रक्तदान कर दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर एएसपी श्री महतो ने कहा कि रक्तदान सभी दानों से महादान होता है। रक्तदान से किसी को जीवनदान मिल सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के लोग विभिन्न प्रकार के बीमारियों व सड़क दुर्घटना में घायलों को रक्त की सख्त जरूरत होती है। हम सभी द्वारा किए गए रक्तदान से कई लोगों को जीवनदान मिल सकता है। रक्तदान शिविर में एएसपी के अलावा प्रधान आरक्षक प्रदीप पटेल, आशीष श्रीवास्तव, आरक्षक जितेन्द्र सिंह, सफेन्दर सिंह, धरमजीत सिंह, अंशू सिंह, वाल्टर खलखो, शिशिर डुगडुग, नरेन्द्र सिंह ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. कपिलदेव पैकरा, रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी व नागरिक मौजूद रहे।



# बतरा के समाधान शिविर में शामिल हुए खाद्य मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/सूरजपुर

- प्राप्त आवेदनों का किया अलोकन, दिए समाधान के निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रस्तावित सूरजपुर प्रवास कार्यक्रम के एक दिन पूर्व बुधवार को जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल ने अपने सूरजपुर प्रवास में विभिन्न स्थानों का दौरा किया, वे सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत बतरा में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। यहां उन्होंने प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं प्रभारी मंत्री ने धान संग्रहण केंद्र रामनगर व कुमदा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पिछले कुछ दिनों से खराब मौसम से हुए बारिश एवं धान संग्रहण केंद्रों पर धान की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। इसके अलावा प्रभारी मंत्री बघेल ने दतिमा में पीएम आवास का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने हितग्राही श्रीमती सुमित्रा और उनके परिजनों तथा सरपंच से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास की सुविधा शत प्रतिशत रूप में प्रदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।इसके अलावा उन्होंने सार्वजनिक वितरण के तहत दतिमा में संचालित उचित मूल्य के दुकान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित हितग्राहियों से बातचीत और दुकान संचालन व अन्य समस्या को जाना।उन्होंने शासकीय उचित मूल्य दुकान के लिए तत्काल अलग भवन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।ग्राम बतरा समाधान शिविर में क्षेत्र के 15 ग्राम पंचायत के ग्रामीणों से प्राप्त किए आवेदनों एवं उनके निराकरण पर चर्चा हुई। समाधान शिविर में मंत्री बघेल ने आए हुए लोगों द्वारा किए गए शिकायतों एवं समस्याओं के संबंध में सूरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन जयवर्धन, डीएफओ पंकज कमल एवं सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने समस्याओं, शिकायतों एवं अन्य प्रकरणों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उनके निराकरण को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। खाद्य मंत्री ने इस दौरान क्षेत्र के सभी लोगों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा प्रदान करने के लिए शत प्रतिशत रूप में हर घर जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला बाल विकास अधिकारी से आंगनबाड़ी केंद्रों एवं वहां प्रदान किए जाने वाले सुविधा के संबंध में जानकारी प्राप्त कर कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों एवं महिलाओं के लिए सभी सुविधाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा उन्होंने मनरेगा की जानकारी जिला पंचायत के अधिकारियों से प्राप्त करते हुए जिले में मनरेगा के तहत तालाब गहरीकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्रीष्म ऋतु में मनरेगा के अधिक से अधिक कार्य स्वीकृत करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। सीजीआरआईडीसीएल अंतर्गत जिले के लक्ष्मीपुर से नया करकोली सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण न होने पर उन्होनें पीडब्लूडी के अभियंता से इसका कारण पूछा, इसके साथ ही कलेक्टर एस. जयवर्धन को इस रोड के जांच की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों मे कहा कि सड़क विकास का परिचायक होती है, इसलिए निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। साथ ही उन्होंने बतरा समाधान शिविर पर सहकारी संस्था के उप पंजीयक व अन्य संबंधित अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर की और उन्हें नोटिस देने के निर्देश सूरजपुर कलेक्टर को दिया।उन्होंने स्पष्ट किया कि सुशासन तिहार का यह समाधान शिविर आमजन तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का एक माध्यम है। साथ ही यह समाधान शिविर शासन-प्रशासन व आमजन के बीच एक सेतु का कार्य कर रहा है। खाद्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार के अंतर्गत राज्य के सभी लोगों के समस्याओं एवं शिकायतों तथा उनके मांगों का निराकरण किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री बघेल के द्वारा जिन आवेदन कर्ताओं के प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका था उन्हें समाधान शिविर में ऋण पुस्तिका, बी 1 नक्शा सुधार, फौती नामांतरण, जॉब कार्ड मामलों में लाभ प्रदान किया गया। साथ ही राशन कार्ड हितग्राहियों को राशन कार्ड प्रदान किया गया। कलेक्टर एस जयवर्धन ने सुशासन तिहार के उद्देश्यों से उपस्थित आमजन को परिचित कराते हुए कहा कि इस शिविर में दिए आवेदन को लेकर आवेदक उनके निराकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



## बिजनेस प्लस



### संभाग में पहली बार एक्वा वर्ल्ड वाटर पार्क की सौगात, उद्घाटन शीघ्र

**अम्बिकापुर।** गर्मियों के मौसम में हर कोई पर्यटन स्थल पर घूमने नहीं जा सकता क्योंकि पूरे परिवार के साथ कहीं दूर घूमने जाने का मतलब अधिक खर्च है। ऐसे में लोग बच्चों को वाटर पार्क घुमाने ले जा सकते हैं। इस तपती गर्मी में वाटर पार्क ही ऐसा जगह है जहां लोग परिवार के साथ दो पल सुकून से बिता सकते है। जहां यहां घंटों तक पानी में मस्ती करने का मजा न केवल बच्चे उठा सकते है बल्कि बच्चों के साथ माता पिता भी लुफ्त उठा सकते है। ऐसा ही एक अत्याधुनिक वाटर पार्क का शुभारंभ होने जा रहा है, जिसे लेकर नगरवासियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। वाटर पार्क शहर के बाहरी क्षेत्र में स्थित है और यह गर्मी के मौसम में लोगों के लिए मनोरंजन और सुकून का एक नया और बेहतरीन विकल्प लेकर आएगा। वॉटर पार्क का निर्माण एक्वा वर्ल्ड के नाम से किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रकार की जल क्रीडा की सुविधाएं जैसे कि वेव पूल, रेन डांस, मल्टी लेवल स्लाइड्स, किड्स प्ले एरिया सहित अन्य उपलब्ध होगी। पानी पर स्लाइड करने का मजा जो होता है. वह किसी भी एडवेंचर से कम नहीं होता। क्योंकि यह ऊपर से तेज गति में नीचे की तरफ गिरता है। यहां आप रेन डांस का आनंद भी ले सकते हैं। अगर पानी में खेल कर थक गए हैं. तो कुछ समय लाउंज कुर्सियों पर आराम भी फरमा सकते हैं। पार्क की डिजाइन को इस तरह से तैयार किया गया है कि यह बच्चों, युवाओं और परिवारों के लिए पूरी तरह सुरक्षित और आनंददायक हो। पार्क के उद्घाटन समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। नगर के प्रमुख अधिकारी, जनप्रतिनिधि के इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने की संभावना है। पार्क उद्घाटन के पहले दिन बड़ी संख्या में आगंतुकों के आने का अनुमान है। अग्रिम बुकिंग हेतु मार्केटिंग हेड उत्कर्ष किरण सिंह से 9308498444 पर संपर्क किया जा सकता है।


विष्णु के सुशासन में संवर रहा सूरजपुर
जन-जन के प्रिय, छ.ग. प्रदेश के मुखिया
मा.श्री विष्णुदेव साय जी के
आगमन पर
हार्दिक अभिनंदन...
भूलन सिंह मरावी
विधायक, प्रेमनगर वि.स. क्षेत्र


जन-जन के प्रिय, छ.ग. प्रदेश के मुखिया
मा.श्री विष्णुदेव साय जी के
के सूरजपुर आगमन पर
हार्दिक अभिनंदन
8 मई
एवं
प्रेमनगर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक
मान. श्री भूलन सिंह मरावी जी को
जन्मदिवस की हार्दिक बधाई

## खबर संक्षेप

### पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश हेतु लॉटरी प्रक्रिया 10 को

**बिश्रामपुर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर में सत्र 2025-26 में कक्षावार रिक्त सीटों हेतु सीट से अधिक आवेदन प्राप्त होने के कारण छात्रों का प्रवेश चयन पारदर्शिता से लॉटरी माध्यम से किया जाना है। स्कूल के प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के निर्देशानुसार पीएमश्री सेजेस जयनगर के कक्षा 1 ली में प्रवेश हेतु लॉटरी की प्रक्रिया 10 मई को प्रातः 10 बजे से विद्यालय परिसर में पूरी कराई जाएगी जिसमें छात्र व अभिभावक भी उपस्थित हो सकते हैं। पात्र-अपात्र सूची विद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है, जिसमें 132 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं और 3 निरस्त तथा 121 पात्र एवं 8 अपात्र की सूची तैयार कर सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। उन्होंने बताया कि दावा आपत्ति हेतु दो दिन का समय 8 व 9 मई तक प्रातः 7.30 बजे से 12 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर निराकरण किया जा सकता है। सेजेस प्रवेश समिति की अध्यक्षता में लॉटरी की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। लॉटरी के माध्यम से चयनित छात्रों के आवश्यक दस्तावेज के अभाव में 15 मई तक जमा नहीं करने पर उनका चयन निरस्त माना जाएगा।

### साईं धाम में ईश्वरम्मा दिवस पर किए गए विविध अनुष्ठान



**बिश्रामपुर।** नगर के श्री सत्य साईं सेवा धाम में सेवा समिति द्वारा गत दिनों ईश्वरम्मा दिवस के अवसर पर विविध अनुष्ठान किए गए।गौरतलब है कि श्री सत्य साईं सेवा समिति बिश्रामपुर के नेतृत्व में साईं धाम में गत दिनों 6 मई को संध्या 5.30 से 6 बजे तक बाल विकास गुरुओं के द्वारा वेद पाठ,फिर 6 से 6.35 तक संध्या भजन, 6.35 से 7.45 बजे तक बाल-विकास बच्चों का नैतिक, मानवीय, सामाजिक, संस्कारिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित कार्यक्रम, बाल-विकास बच्चों को पारितोषिक वितरण एवं 9 वर्षीय बाल विकास पाठ्यक्रम पूर्ण किए हुए छात्रों को पुट्टपर्ती से प्राप्त बाल विकास डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रदान दिया गया, साथ ही जिला चिकित्सालय सूरजपुर में पिछले साल नवंबर महीने में किए गए रक्तदान शिविर के रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।महामंगल आरती पश्चात प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।कार्यक्रम में काफी संख्या में बच्चों के अभिभावक सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी साईं भक्तों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा प्याऊ का शुभारंभ



**अम्बिकापुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए शहर में जगह-जगह प्याऊ की व्यवस्था की गई है। श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा गांधी चौक स्थित आश्रम में प्याऊ का शुभारंभ किया गया। श्री सर्वेश्वरी आश्रम द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए आम राहगीरों के लिए आश्रम के सामने प्याऊ की व्यवस्था की गई है। स्थानीय शाखा के व्यवस्थापक समर विजय तोमर ने बताया कि परम पूज्य गुरूपद संभव बाबा के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया और प्याऊ का शुभारंभ गम्हरिया से आए अखिलेश द्वारा किया गया। व्यवस्थापक श्री तोमर ने बताया कि पीने के ठंडे पानी के लिए अक्सर राहगीरों को परेशान होते देखा गया। जिसके बाद आश्रम परिसर में ठंडे पानी के पीने हेतु प्याऊ का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष गर्मी के दिनों में प्याऊ की व्यवस्था आश्रम परिसर में किया जाता है ताकि राहगीरों को पानी के लिए परेशान ना होना पड़े। पीने के पानी के साथ ही बताशे, गुड़ एवं शर्बत की भी व्यवस्था की गई है। प्याऊ के शुभारंभ के अवसर पर आश्रम परिवार से जुड़े मानवेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र साहू, राहुल जायसवाल, दिलीप, सूरज, आकाश, विकास आदि उपस्थित थे।

### उड़ान परियोजना के तहत क्षेत्र के युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के संबंध में दी गई जानकारी



**अम्बिकापुर।** विकासखंड उदयपुर में स्थित पीईकेबी खदान में अदाणी फाउंडेशन द्वारा उड़ान परियोजना शुरू की गई है। जिसके अंतर्गत बीते अप्रैल माह में अम्बिकापुर और सूरजपुर जिले के क्रमशः शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, अंबिकापुर, कन्या शिक्षा परिसर विद्यालय, उदयपुर और गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, सूरजपुर के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पीईकेबी खदान का शैक्षणिक भ्रमण किया। उड़ान परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण व आदिवासी अंचलों के छात्रों को खनन उद्योग, पर्यावरणीय प्रबंधन और सामाजिक दायित्वों की आधुनिक तथा व्यावहारिक समझ देना है। इस दौरान वे खदान की नर्सरी में चल रहे अत्याधुनिक पद्धति से वनीकरण के प्रयासों को समझा। अप्रैल माह में 85 छात्र-छात्राओं और 48 शिक्षकों सहित कुल 133 लोगों ने भाग लिया। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों और शिक्षकों ने खदान के व्यूपॉइंट, नर्सरी, अदानी स्किल डेवलपमेंट सेंटर और अदाणी विद्या मंदिर का दौरा किया। वहीं शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, सूरजपुर के खनन विभाग के छात्रों को अतिरिक्त रूप से खनन उद्योग में आधुनिक उपकरण डोजर पुश जैसे तकनीक की जानकारी भी दी गई।

### 109 करोड़ रूपए के आधार ही बना रहे प्रस्ताव, मिला है 98 करोड़

# मेडिकल कॉलेज के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण हेतु लोनिवि ने आखिरकार टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हालांकि शासन से अब तक 98 करोड़ रुपए ही मिले है ले कि न विभाग द्वारा 109 करोड़ के हिसाब से ही प्रस्ताव बनाकर टेंडर करने की तैयारी की जा रही है लेकिन विभाग द्वारा पूरी राशि मिलने के बाद ही वर्क ऑर्डर किए जाने की योजना बनाई गई है। टेंडर प्रक्रिया को पूर्ण होने में भी एक से डेढ़ माह का समय लगने की संभावना है और इसके बाद ही निर्माण कार्य शुरू होने की बात कही जा रही है।

**खास बात**
- तकनिकी स्वीकृति के लिए चल रही प्रक्रिया

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में राशि के आभाव में अस्पताल भवन के निर्माण का कार्य अप्रैल 2023 से बंद पड़ा हुआ है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन के शेष बचे निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के लिए कुल 109 करोड़ रूपए की जरूरत थी और निर्माण एजेंसी लोनिवि द्वारा इस सम्बन्ध में प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था।

सत्ता परिवर्तन के बाद राशि की स्वीकृति को लेकर एक आस जगी और शासन द्वारा नवम्बर 2024 में 109 करोड़ रूपए जारी करने की घोषणा की गई लेकिन जब हाल ही में राशि आई तो वह 11 करोड़ रूपए कम थी। शासन द्वारा 98 करोड़ रूपए ही जारी किए गए। प्रस्ताव और स्वीकृति के बदले 98 करोड़ रूपए जारी किए जाने को लेकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि तकनीकी कमियों के कारण इस तरह की चूक हुई है लेकिन 11 करोड़ रूपए कम होने से लोनिवि के अधिकारी निर्माण कार्य हेतु टेंडर की प्रक्रिया शुरू नहीं कर पा रहे थे। ऐसा इस लिए क्यों की भविष्य में पुनः राशि कम पड़ने पर निर्माण कार्य प्रभावित हो सकता है लेकिन तीन दिनों पहले सरगुजा पहले प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट रूप से निर्देश दिया था कि तीन दिनों के अंदर टेंडर जारी कर दिया जाए जिसके बाद अधिकारी भी पशोपेश में फंस गए है। हालांकि अधिकारियों द्वारा 109 करोड़ रूपए के आधार पर ही टेंडर जारी करने की तैयारी की जा रही है ताकि आने वाले समय में काम को शुरू किया जा सके लेकिन अधिकारियों का यह भी कहना है कि शासन से शेष राशि हेतु चर्चा की गई है और शेष 11 करोड़ रूपए की राशि आने के बाद ही वर्क ऑर्डर जारी किया जाएगा। यही वजह है कि वर्तमान में 109 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाकर तकनीकी स्वीकृति के लिए भेजा जा रहा है। इस बीच टेंडर की प्रक्रिया को पूर्ण होने में भी एक से डेढ़ माह का समय लग सकता है।



निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन।

#### पूरी राशि जारी नहीं होने से अटक सकता है काम

बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन के निर्माण हेतु कुल 109 करोड़ की आवश्यकता थी। इसमें से शासन की ओर से 98 करोड़ रुपए ही आए है जबकि शेष 11 करोड़ की कमी के कारण भविष्य में काम अटैक सकता है। यही वजह है कि निर्माण एजेंसी द्वारा पूरे 109 करोड़ रुपए के तकनीकी स्वीकृति की फाइल शासन को भेजने की तैयारी की जा रही है। वहीं बड़ी बात यह है कि लोनिवि द्वारा 100 करोड़ से ऊपर के कार्य के लिए ग्लोबल टेंडर किया जाएगा ऐसे में पूर्व में जिस कंपनी ने निर्माण का टेंडर लिया और काम किया उसे बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

#### होने है ये निर्माण

बताया जा रहा है कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन के निर्माण हेतु शासन से कुल 374 करोड़ की स्वीकृति मिली थी। स्वीकृति के बाद मार्च 2019 में टेंडर 366 करोड़ की लागत से निर्माण के लिए टेंडर किया गया था और इसमें 168 करोड़ से हॉस्पिटल भवन का काम होना था। इस राशि से सिर्फ अस्पताल के पांच मंजिला भवन को ही खड़ा किया जा सका है। अस्पताल भवन में अभी प्लास्टर, पेंट-पुट्टी, टाइल्स, सेनेटरी वेयर के काम शेष है इसके साथ ही विद्युतीकरण का 50 प्रतिशत काम शेष है। वहीं अस्पताल में दरवाजा, खिड़की, गैस, ऑक्सीजन पाइप पाइन, एसी, सहित अनेकों कार्य शेष पड़े हुए है। बताया जा रहा है कि अस्पताल में सिर्फ 65 प्रतिशत ही काम हुआ है और शेष कार्य के लिए ही 109 करोड़ की जरुरत थी।

## शादी समारोह में शामिल होने गए मेडिकल संचालक की बदमाशों ने बेरहमी से की हत्या

हरिभूमि न्यूज. डांडगांव

उदयपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रकेली में 6 मई की रात बारात कार्यक्रम में शामिल होने आए खम्हरिया के मेडिकल संचालक सोनू यादव की सात बदमाशों द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर निर्मम हत्या कर शव को पुल के नीचे फेंक दिया। इधर घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने हत्या करने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि फरार एक आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

- टांगी ,सबल, लाठी, बसूले से हत्या कर शव को पुल के किनारे फेंका, 6 आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम लटोरी निवासी सोनू यादव (29 वर्ष) जो खम्हरिया में मेडिकल दुकान का संचालन करता था। गत दिन अपने छोटे भाई महेश यादव एवं विजय यादव के साथ रकेली निवासी देवकुमार यादव की लड़की के शादी में शामिल होने रात लगभग 9 बजे पहुंचा था। इसी दौरान आरोपी ग्राम पंचायत रकेली निवासी मिथलेश यादव (45 वर्ष), सुदामा यादव (55 वर्ष), प्रेम यादव (35 वर्ष), लाल मन यादव (56 वर्ष), राजकुमार यादव (45 वर्ष), आशीष यादव (30 वर्ष), विशाल यादव (25 वर्ष) जो कुछ अन्य कई मामले में पूर्व में जेल जा चुके हैं और आदतन बदमाश हैं। पहले से हत्या का प्लान बना कर टांगी, ब सू ला , स ब्ब ल , लाठी से लैस थे। सोनू यादव अपने दो साथियों के साथ बारात स्थान से जैसे ही थोड़ी दूर गया तभी आरोपी गाड़ी से पहुंचे और जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से सोनू यादव मौके पर ही मौत हो गई जिसे आरोपियों ने पुल के नीचे फेंक फरार हो गए। हालांकि सोने के साथ उसके दो साथी महेश यादव एवं विजय यादव पर हमला किए थे लेकिन दोनों को मामूली चोटें आई। वहीं रात में ही घटना की जानकारी उदयपुर पुलिस को दी गई। तब थाना प्रभारी तत्काल दल बल पर साथ रात में भाग रहे 6 आरोपियों को पकड़ कर थाने लेकर आई वही एक आरोपी प्रेम यादव अभी भी फरार है। उदयपुर पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जूट गई है।



#### महिला पर किया हमला

घटना को समीप में स्थित मकान मालकिन आशा यादव सारी घटना को अपने घर से देख रही थी जैसे ही आरोपियों को इसकी भनक लगी तो हत्या के साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से महिला के घर में घुस कर हत्या का प्रयास किया। लेकिन तब तक उसके दो बेटे जग गए जिस कारण उसकी हत्या नहीं कर पाए और अधमरा छोड़ सभी आरोपी फरार हो गए।

## महिला से लूटपाट करने वाला नट गिरोह का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

महिला से लूटपाट के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे दूसरे आरोपी को भी पकड़ने में सफलता हासिल की है। इसके पूर्व पुलिस ने नट गिरोह के अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी से लूट की शेष बची रकम को बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम खड़ादोरना निवासी ललिता गुप्ता 20 मार्च को अपने परिचित व्यक्ति के साथ बाइक से पैसा निकालने के लिए जिला सहकारी बैंक आयी हुई थी। पैसा निकालकर वापस लौटते समय ग्राम सोनतराई के पास दो अज्ञात बाइक सवार नकाबपोश मौके पर पहुंचे और पीछे से महिला को खींचकर जमीन पर गिरा दिया। इस दौरान उन्होंने महिला से 23 हजार रूपए नगद व पास बुक लूट लिया। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 309(4) के तहत अपराध दर्ज कर एक आरोपी मंटू नट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि फरार आरोपी की तलाश चल रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने जशपुर जिले के पत्थलगांव अंतर्गत नटपारा दीवानपुर निवासी 26 वर्षीय शिवम नट आ. किशोर नट को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से लूटपाट की रकम 6 सौ रूपए जब्त किया है जबकि शेष रकम को आरोपी ने खर्च करना व पासबुक को जलाकर नष्ट करना बताया। वहीं पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त बाइक का आरसी बुक जब्त किया जबकि बाइक को आरोपी ने मध्यप्रदेश के शहडोल निवासी अपने जीजा संजय कंजर को देने की बात कही। फिलहाल आरोपी का जीजा भी सीधी जेल में बंद है। पुलिस दवरा आरोपी के बयान की जांच की जा रही है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 238(बी) जोड़कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर प्रदीप जायसवाल, सउनि अरुण गुप्ता, आरक्षक धन्यकेश्वर यादव, उमेश गुप्ता, गंगा प्रसाद नेताम, सैनिक विनायक लकड़ा सक्रिय रहे।



## जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 30 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। खेल शिविर के सुचारू रूप से संचालन किये जाने हेतु जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में औपचारिक उद्घाटन गांधी स्टेडियम परिसर के बास्केटबाल कोर्ट में किया गया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक रामकुमार सिंह ने बताया कि खेल शिविर का आयोजन भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए एक पाली में प्रतिदिन प्रातः सुबह 6 बजे से 8 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फुटबॉल, हैंडबॉल, ताईक्वान्डो एवं तीरंदाजी खेलों का प्रशिक्षण शासकीय पी.जी. कॉलेज खेल मैदान पर एवं बैडमिंटन, बास्केटबॉल, शतरंज, व्हालीबाल, एथलेटिक्स, योगा खेलों का प्रशिक्षण गांधी स्टेडियम में संचालित होंगे। मलखंभ खेल का प्रशिक्षण बढ़नी झरिया ग्राम पंचायत में होगा। उद्घाटन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, पार्षद आलोक दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिले के अधिकारी-कर्मचारी, खेल प्रशिक्षक सहित प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पहाड़ी कोरवा को प्रताड़ित करने के मामले में एक और भूमाफिया गिरफ्तार

**राजपुर।** भूमाफियाओं की प्रताड़ना और मारपीट से तंग आकर पहाड़ी कोरवा ग्रामीण द्वारा आत्मत्या करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जबकि मामले का मुख्य आरोपी फरार चल रहा है। बरियों चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को ग्राम भेस्की निवासी 65 वर्षीय भईरा राम आ. स्व. चुटरू पहाड़ी कोरवा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी। जांच के दौरान मृतक के पुत्र संतराम, गवाह सुख्मनिया, बसंत, भला, श्रीमती भिन्सारी का बयान दर्ज किया जिसमें इस बात की पुष्टि हुई कि नवम्बर माह में भूमाफिया विनोद अग्रवाल उर्फ मघु, प्रवीण अग्रवाल द्वारा छलपूर्वक मृतक भईरा पहाड़ी कोरवा की पत्नी जुवारो बाइक को चुपचाप तहसील कार्यालय राजपुर ले जाकर ग्राम नवकी निवासी शिवाराम नगेशिया के नाम से रजिस्ट्री करा ली थी। इसके साथ ही लगातार ग्रामीण को विनोद अग्रवाल उर्फ मघु व प्रवीण अग्रवाल के साथ ही अन्य लोगों द्वार धमकाया जाता था और मारपीट करने की धमकी देकर प्रताड़ति किया जा रहा था। जमीन पर धोखे से कब्जा और प्रताड़ना से तंग आकर ही भईरा पहाड़ी कोरवा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। इस मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 108, 3 (5) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस बीच पुलिस ने मामले में आरोपी ग्राम नवकी निवासी 19 वर्षीय दिलीप तिग्गा आ. सम्हीर तिग्गा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है लेकिन फिलहाल मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई है।



- ग्रामीण ने की थी आत्महत्या, धोखे से जमीन हड़पने का मामला







